Hindi Murli Quiz 12-07-2015

Q.1) **Q. निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें ------**
"तीव्र पुरूषार्थ की सहज विधि है ----------, जिसको अपनाने से सदा सिद्धि स्वरूप हो जायेंगे, अर्थात संकल्प, बोल व कर्म सिद्ध हो जायेंगे।"

Q.2) **Q. "अमेरिका में जो सेन्टर खुला है इसमें भी रहस्य है, विशेष कार्य होना है। विनाश और स्थापना दोनों का साक्षात्कार साथ-साथ होगा। उस तरफ विनाशकारी और इस तरफ पीस मेकर। साइन्स और साइलेन्स, दोनों शक्तियों का मुकाबला देखेंगे।"**

A. True
B. False

Q.3) **Q. एकाग्रता से सम्बंधित सही वाक्यों का चयन करें ----**

A. एकाग्रता अर्थात् एक ही श्रेष्ठ संकल्प में सदा स्थित रहना।
B. संकल्प में सिद्धि न होने का कारण एकाग्रता की कमी है।
C. एकाग्रता कम होने के कारण हलचल होती है। जहाँ एकाग्रता होगी वहाँ स्वत: ही एकरस स्थिति होगी।
D. जहाँ एकाग्रता होगी वहाँ व्यर्थ समाप्त हो जाता है और समर्थ-पन आ जाता है। जिसके कारण सबमें सिद्धि हो जाती है।
E. एकाग्र वस्तु औरों को भी एकाग्रता का अनुभव करायेगी।
F. एकाग्रता के आधार पर ही आत्मा का स्वरूप व बाप का स्वरूप सदा स्पष्ट होगा।

Q.4) **Q. शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं –**

	Choice		Match
A	एकाग्रता से सर्व शक्तियाँ सिद्धि स्वरूप में प्राप्त हो जाती हैं,	1	अब सम्पूर्ण समाप्ति के कार्य में भी निमित्त बनो।
B	आजकल की दुनिया में हलचल से तंग आ गये हैं।	2	क्योंकि स्वरूप और स्वरूप की शक्तियाँ भी स्पष्ट अनुभव होती हैं।
C	ब्राह्मण आत्मायें संकल्प में व सम्पर्क में हलचल से ही थकती हैं,	3	एकान्तवासी से एकाग्र सहज ही हो जायेंगे।
D	सदा एकान्तवासी बनो।	4	इसलिए सहज विधि है - एकाग्रता को अपनाओ।
E	देहली निवासी स्थापना के कार्य में आदि रत्न बन निमित्त बने।	5	अब तो साइन्स के सुख देने वाले साधन भी हलचल अनुभव कराने वाले हो गये हैं।

Q.5) **Q. "जितनी राजनीति की देहली में हलचल है, उतनी सतधर्म की नीति की भी हलचल हो। अभी राज्य की हलचल ज्यादा है और सतधर्म की हलचल कम है, गुप्त है। पहले देहली हिलेगी तब सब गद्दियाँ हिलेंगी। कोई ऐसा ऊंचा लाइट हाउस बनाओ जो सबकी नजर जाए और सबको अनुभव हो कि यही हमारा सहारा है। देहली से जो आवाज निकलेगी तो छोटे-छोटे स्थानों में आपे ही पहुँचेगी। फारेन से निकलने वाली आवाज को देहली ही रिसीव करेगी। तो पहले देहली को पॉवरफुल बनाना है।"**

A. True
B. False

Q.6) **Q. रिक्त स्थान भरने के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें ------**

	Choice		Match
A	हर सेकेण्ड चाहे मन्सा, वाचा, कर्मणा वा सम्बन्ध, सम्पर्क द्वारा सेवा करने वाले ही ---------कहलाते ।	1	विश्व के मालिक
B	सारे दिन के चार्ट में चेक करो कि ----------की सेवा में मार्क्स ली या सिर्फ वाचा और कर्मणा सेवा की ।	2	सर्व-प्रकार
C	यहाँ के आलराउण्ड सेवाधारी वहाँ आलराउण्ड ----------बनेंगे।	3	श्रृंगार
D	जितनी यहाँ सेवा में कमी होगी, उतनी वहाँ भी बेहद और हर स्टेट में ------हो जायेगा।	4	सार्विसएबुल
E	विदेश के लेस्टर सेन्टर में कुमार भी हैं, कुमारियाँ भी हैं, प्रवृत्ति वाले भी हैं, यही सेन्टर का--------है ।	5	अन्तर

Q.7) **Q. "युगल मूर्त अर्थात् सेवा के लिए सैम्पल रूप। जो प्रवृत्ति में रहते हैं वह अपने को विशेष शो पीस समझकर रहो तो बहुत सेवा के निमित्त बनेंगे। घर में नहीं रहते हो, शो केस में रहते हो। सारे विश्व के अन्दर प्रवृत्ति में रहकर निवृत्त रहने वालों का नाम बाला होगा। आप लोगों का दर्शन करने के लिए तड़फते हुए आयेंगे। कहेंगे कौन-सी बहादुर आत्मायें हैं, जो हम नहीं कर पाये वह करके दिखा रही हैं। युगलों की अपरमपार महिमा होगी। बाप के कार्य को प्रत्यक्ष करने के निमित्त बनेंगे। कोई साधारण नहीं हो। विशेष आत्मायें हो।"**

A. True
B. False

Q.8) **Q. "प्रवृत्ति वाले ----------का सुख भोगकर फिर त्याग करते हैं और कुमार कुमारी विनाशी ---------के सुख का पहले ही दृढ़ संकल्प से त्याग कर देते हैं इसलिए उन्हें चान्स मिलता है हाई जम्प लगाने का।"**

निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे उपयुक्त शब्द से उपरोक्त दोनों स्थान भरें-----

A. अल्पकाल
B. वैभव
C. शरीर
D. साधनों
E. संसार
F. बस्तुओं

Q.9) **Q. वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही आपस में मिलाएं ---**

	Choice		Match
A	कुमार और कुमारी लौकिक और अलौकिक दोनों जीवन में निर्बन्धन है।	1	क्योंकि गिरने से बच गये। दु:ख की सीढ़ी चढ़ी ही नहीं।
B	सेकेण्ड में सोचा और किया, यही हाई जम्प है।	2	तो वह सम्बन्ध अपनी तरफ आकर्षित कर बाप से दूर कर देता है ।
C	कुमार और कुमारियों को देख बाप-दादा विशेष खुश होते हैं,	3	निर्बन्धन होने के कारण जितना आगे बढ़ना चाहें, बढ़ सकते हैं।
D	सर्व सम्बन्धों में से अगर एक भी सम्बन्ध का अनुभव कम हुआ,	4	सोचना और करना साथ-साथ हो।
E	सेवा करने के लिए डायरेक्शन पर चलने वाले बालक,	5	फिर अपनी ऊंची स्थिति में स्थित होने के समय मालिक।

Q.10) **Q. वरदान पर आधारित अन्त का यह दृश्य TRUE है अथवा FALSE है ?**
"जब अनेक मत वाले सिर्फ एक बात को मान लेंगे कि हम सबका बाप एक है और वही अब कार्य कर रहे हैं, हम सब एक की सन्तान एक हैं और यह एक ही यथार्थ है, तो विजय का झण्डा लहरायेगा। इसी संकल्प से मुक्तिधाम जायेंगे और फिर जब अपना-अपना पार्ट बजाने आयेंगे तो पहले यही संस्कार इमर्ज होंगे कि गाड इज वन। यही गोल्डन एज की स्मृति है।"

A. True
B. False